**जम्मू-कश्मीर:** आज पवित्र गुफा के लिए रवाना होगा श्रद्धालुओं का पहला जत्था

# एआइ कैमरों से निगरानी, मल्टी लेयर सुरक्षा में अमरनाथ यात्रा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जम्मू.** अमरनाथ यात्रा के लिए गुरुवार को जम्मू से पहला जत्था रवाना होगा। यात्रा के लिए ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन भी शुरू हो चुके हैं। 57 दिन की यह यात्रा बालटाल और पहलगाम दोनों रास्तों से होगी। यात्रा के लिए चार लाख श्रद्धालुओं ने पहले ही ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पूरे यात्रा मार्ग को नो फ्लाई जोन घोषित किया गया है। हालांकि इस कारण हेलीकॉप्टर के जरिए बाबा बर्फानी के दर्शन की सुविधा नहीं मिलेगी। टट्टू, पालकी उपलब्ध रहेंगे।

पूरे मार्ग पर भक्तों के लिए तीन स्तरीय सुरक्षा घेरा बनाया गया है। 34 एआइ से लैस फेशियल रिकॉग्निशन कैमरे लगाए गए हैं जिससे आपराधिक व आतंकी तत्वों पर नजर रखी जाएगी। कैमरों पर उनके दिखते ही सुरक्षाबलों को जानकारी मिल जाएगी। बम निरोधक दस्तों के साथ ही स्निफर डॉग भी तैनात हैं। जम्मू-कश्मीर पुलिस, सीआरपीएफ और सेना ने अमरनाथ यात्रा के दौरान रोड ओपनिंग पार्टी मिशन भी चलाएगी। ये पार्टियां पूरे रास्ते पर गहन निरीक्षण करेंगी।



*जम्मू. स्पेशल ऑपरेशन्स ग्रुप और सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स के ऑपरेशन के दौरान एक महिला कमांडो तैनात दिखी।*

## श्रद्धालुओं के लिए त्रिस्तरीय सुरक्षा

**अमरनाथ** यात्रा के लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। यात्रा मार्ग पर 67 हजार जवानों की तैनाती की गई है। जम्मू से रवाना होने वाले जत्थे की सुरक्षा के लिए भी पूरे रास्ते पर भारी सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। इस बाबत ड्राई रन करके सुरक्षाबलों ने अभ्यास भी किया है। इस बार क्यूआर कोड आधारित आइडेंटिफिकेशन की सुविधा शुरू की गई है। पोनी, पोर्टर, वेंडर और टेंट ऑपरेटरों के लिए इसे अनिवार्य किया गया है। ऊंचाई वाले स्थानों पर विशेष निगरानी चौकियां बनाने के साथ स्नाइपर भी तैनात किए गए हैं।

## यात्रा में श्रद्धालुओं को मिलेंगी ये नई सुविधाएं

- **जम्मू** के तवी रिवरफ्रंट पर नया इंटीग्रेटेड फैसेलिटेशन सेंटर।
- **हर** पंजीकृत श्रद्धालु को आरएफआइडी कार्ड दिए जा रहे हैं। इससे हर यात्री की लोकेशन पर नजर रखी जा सकेगी।
- **बालटाल** से पवित्र अमरनाथ गुफा तक के मार्ग पर बिजली और स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था की गई है।
- **ट्रैकिंग** के रास्तों को पहले से बेहतर बनाया गया है ताकि यात्रियों को चढ़ाई में आसानी रहे।
- **पोनी,** पालकी, पोर्टर के लिए प्री-पेड बुकिंग की शुरुआत।
- **पंजीकरण** कराने वाले हर श्रद्धालु को 10 लाख रुपए का बीमा कवर सरकार की ओर से दिया जाएगा।